## एक नजर में

### अस्पताल का लाइसेंस निरस्त करने के विरोध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन 48 घंटे की हड़ताल पर



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में लालबाग रोड स्थित हकीमी अस्पताल का नर्सिंग होम पंजीयन और लाइसेंस शुक्रवार को सीएमएचओ डॉ. आर.के वर्मा ने निरस्त कर दिया। यह कार्रवाई 11 नवंबर को अस्पताल में गर्भाशय ऑपरेशन के दौरान जैनाबाद निवासी वैष्णवी नागेश चौहान की मौत के बाद हुई। इस फैसले के विरोध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने 48 घंटे की हड़ताल शुरू कर दी है। मृतका के परिजनों ने अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पांच दिनों तक क्रमिक भूख हड़ताल की थी। शुक्रवार दोपहर सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने आंदोलन स्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया था। इसके बाद शाम को सीएमएचओ की ओर से लाइसेंस निरस्त करने के आदेश जारी किए गए।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.आबिद सैयद ने प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रेशन रद्द करने से पहले कमियों को दूर करने का समय दिया जाता है, लेकिन इस मामले में सीएमएचओ ने सीधे रजिस्ट्रेशन रद्द करने का आदेश जारी कर दिया। आईएमए इस कार्रवाई के विरोध में 48 घंटे की हड़ताल कर रहा है, जिसमें सभी ओपीडी सेवाएं बंद रहेंगी। हालांकि इमरजेंसी सेवाएं जारी रहेंगी। डॉ.सैयद ने एडीएम की जांच पर सवाल नहीं उठाएए लेकिन यह कहा कि जो कमियां मिली थीं, उन्हें नोटिस में नहीं दर्शाया गया। उन्होंने आशंका जताई कि यह आदेश कहीं न कहीं दबाव में जारी किया गया है। डॉण् कीर्तिका तारवाला ने कहा कि एक मामले के कारण मरीज और डॉक्टर के रिश्ते में आई कड़वाहट को सभी को समझना चाहिए। इस दौरान नगर के कई डॉक्टर मौजूद थे।

### होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस मनाया



**बुरहानपुर।** कार्यालय डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट होमगार्ड द्वारा अखिल भारतीय होमगार्ड नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विभाग का 79वाँ स्थापना दिवस समारोह होमगार्ड लाईन जैनाबाद में मनाया गया। यह कार्यक्रम महापौर श्रीमति माधुरी पटेल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। प्लाटून कमान्डर श्री जितेन्द्र सिंह तोमर के नेतृत्व में 2 प्लाटून होमगार्ड एवं 2 सिविल डिफेंस प्लाटुनों द्वारा परेड मार्चपास्ट की कार्यवाही की गयी। कार्यक्रम में गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री भारत सरकार श्री अमित शाह एवं डायरेक्टर जनरल मण्प्रण् होमगार्ड एवं आपदा प्रबंधन द्वारा होमगार्ड अधिकारी.कर्मचारी एवं जवानों हेतु दिये गये संदेशों का वाचन किया गया।

कार्यक्रम में होमगार्ड विभाग के अधिकारियोंए जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं होमगार्ड जवानों के परिवारों के प्रतिभावान बेटे एवं बेटियों को जिन्होंने 10वींए 12वींए इंजीनियरिंग एवं अन्य उच्च शिक्षा की परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने पर प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर आपदा राहत उपकरणों की लगाई गयी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया। स्थापना दिवस समारोह में 100 होमगार्ड जवानए 50 सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स द्वारा सहभागिता की गयी। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलों का आयोजन भी किया गयाए जिसमें सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स तथा जवानों ने सहपरिवार उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### शासकीय अभिभाषक भावसार भूपेंद्र जूनागढ़े ने प्रबलता के साथ रखा पक्ष, मिली सफलता



**बुरहानपुर।** युवा शासकीय अभिभाषक, भावसार समाज एवं ताप्ती सेवा समिति बुरहानपुर सहित अन्य सामाजिक सरोकारों से जुड़े संस्थान के सदस्य एडवोकेट भावसार भूपेंद्र जूनागढ़े को एक न्यायालीन वाद में शासन;अभियोजन का पक्ष माननीय न्यायाधीश महोदय के समक्ष पूरी प्रबलता के साथ रखने में सफलता प्राप्त हुई है। जिस की चर्चा न्यायिक गलियारों में हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यायालय श्रीमान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश महोदय,वरिष्ठ खंड,बुरहानपुर,पीठासीन न्यायालय माननीय श्रीमति शीतल बघेल साहब के न्यायालय के व्यवहार वाद क्रमांक आरसीएस ए/136/2023 प्रकाश टै म.प्र.शासन व अन्य सिविल वाद में शासन/प्रतिवादीगण पक्ष की ओर से शासकीय अभिभाषक/अपर लोक अभियोजक भूपेन्द्र कुमार जूनागढ़े द्वारा पूर्ण लगन व मेहनत से पुरज़ोर तरीके से शासन अभियोजन का पक्ष माननीय विद्वान न्यायाधीश महोदय के समक्ष प्रबलता के साथ प्रस्तुत किया एवं सफलता प्राप्त हुई। परिणाम स्वरूप वादी पक्ष का वाद निरस्त हुवा। युवा शासकीय अभिभाषक भूपेंद्र कुमार जूनागढ़े की इस उपलब्धि पर जिला अभियोजन अधिकारी कैलाशनाथ गौतम,शासकीय अभिभाषक श्याम देशमुख,शांताराम वानखेड़े,नीतिश गुप्ता, दीपक बी.उमाले,श्रीमति सुरेखा आमले सहित वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता मित्रों ने शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की मंगल कामनाएं पेश की हैं।

### डॉ. अंबेडकर साहब को दी श्रद्धांजलि, ताप्ती सेवा समिति ने किया माल्यार्पण



**बुरहानपुर।** ताप्ती सेवा समिति बुरहानपुर द्वारा भारतीय संविधान के निर्माता और महान समाज सुधारक डॉ.भीमराव अंबेडकर की 69वीं पुण्यतिथि ; महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बड़े पोस्ट ऑफिस के सामने स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर आयोजित किया गया। समिति की अध्यक्ष श्रीमती सरिता भगत ने इस अवसर पर डॉ.अंबेडकर को याद करते हुए उनके सामाजिक न्यायए समानता और शिक्षा के प्रति समर्पण को प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि डॉ.अंबेडकर का जीवन और उनके विचार हमें आज भी एक समतामूलक समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। इस दौरान ताप्ती सेवा समिति के पदाधिकारी और सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से समिति के उपाध्यक्ष अत्ताउल्लाह खान,सचिव धर्मेंद्र सोनी, तथा कार्यकारिणी सदस्य डॉ.युसूफखान, रियाज उल हक शालीमार, और राजू खेड़कर आदि शामिल थे। सभी उपस्थित लोगों ने देश के लिए डॉ.अंबेडकर के अमूल्य योगदान को याद किया और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

# सायबर सेल की त्वरित कार्रवाई : 8लाख 70 हजार रुपए पीड़ित के खाते में करवाए वापस

## हाई रिटर्न फोरेक्स ट्रेडिंग इंवेस्टमेंट का झांसा देकर हुई थी ऑनलाइन धोखाधड़ी



**नवभारत न्यूज**
**बुरहानपुर** । शिकायतकर्ता विश्वदीप डोंगरे निवासी गायत्री नगर थाना गणपतिनाका द्वारा नेशनल सायबर क्राईम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज की गयी थी । शिकायत में बताया गया कि फरियादी जो कि एक सॉफ्टवेयर डेवलपर हैए जिसे फोरेक्स ट्रेडिंग मे इंवेस्टमेंट आफर दिया गयाए जिसमे बहुत ज्यादा हाई रिटर्न देने का वादा किया गया तब आवेदक द्वारा अनावेदक के बैंक खाते मे कुल 8,70,000/-रुपये की राशि आरटीजीएस, आईएमपीएस तथा युपीआई ट्रांज़ैक्शनों के माध्यम से किये गये थे जिसका रिटर्न लगभग 15,00,000 बताया गया किंतु फरियादि द्वारा जब अपनी इंवेस्टमेंट की राशि वापस लेने का प्रयत्न किया गया तब फरियादी को उसकी राशि समय पर वापस नही मिलने पर शक हुआ की फरियादी के साथ फ्राड हुआ है शिकायत मे आरटीजीएस,आईएमपीएस तथा युपीआई ट्रांज़ैक्शनों के माध्यम से फ्रॉडस्टर ने पीड़ित के खाते से कुल 8,70,000/-की धोखाधड़ी कर ली। शिकायतकर्ता के साथ धोखाधड़ी होने के बाद पीड़ित ने तुरंत ही नेशनल सायबर क्राईम रिपोर्टिंग पोर्टल मे अपनी शिकायत दर्ज की जिसपर पुलिस अधीक्षक महोदय देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में सायबर सेल टीम द्वारा शिकायत को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्काल नेशनल सायबर क्राईम रिपोर्टिंग पोर्टल पर वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत पर अग्रीम कार्यवाही की गई।

**पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में की कार्रवाई :** साइबर सेल प्रभारी प्रीतम सिंह ठाकुरए आरक्षक दुर्गेश पटेल, सत्यपाल बोपचे, ललित चौहान, शक्तिसिंह तोमर द्वारा विभिन्न बैंकए से निरंतर समन्वय स्थापित किया गया। टीम के त्वरित व प्रभावी प्रयासों के परिणामस्वरूप फ्रॉड की गई राशि 8,70,000/-को सफलतापूर्वक होल्ड कराया गया तथा विधिक एवं तकनीकी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए उक्त राशि पीड़ित विश्वदीप डोंगरे के बैंक खाते में सुरक्षित रूप से रिफंड करा दी गई। पुलिस अधीक्षकदेवेंद्र पाटीदार ने साइबर सेल टीम के उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए उन्हें प्रकरण निराकरण हेतु उत्कृष्ट योगदान के लिए बधाई दी है।

**आमजन को साइबर सुरक्षा सलाहः-** किसी भी संदिग्ध ईमेलए लिंकए ृ्फ्झ थ्पसम या ऐप पर क्लिक न करें। अपनी बैंकिंग जानकारी, पासवर्ड या किसी भी व्यक्ति को न दें। केवल आधिकारिक कस्टमर केयर नंबरों से ही संपर्क करें। यदि कोई ऑनलाइन फ्रॉड हो जाए तो तुरंत 1930 पर कॉल करें या शिकायत दर्ज कराएं। तुरंत शिकायत करने से राशि रिकवरी की संभावना बढ़ती है। सतर्क रहें ! सावधान रहें ! सायबर सुरक्षित रहें ! साइबर सेल जिला बुरहानपुर।

### थाना क्षेत्र में शाम के समय की जा रही है सतत फुट पेट्रोलिंग



पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में शाम में पैदल फुट पेट्रोलिंग करते हुए अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/ चौकी क्षेत्र में पैदल फुट पेट्रोलिंग भ्रमण किया, भ्रमण के दौरान मुख्य चौराहों,बाजार, धार्मिक स्थलों,बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, होटल,लॉज,धर्मशाला, सार्वजनिक स्थानों आदि की औचक चैकिंग करते हुए अवैध रूप से जमाबड़ा कम करने एवं किसी प्रकार की अवैध गतिविधियां न हो इसकी समझाइश दी गई। फुट पेट्रोलिंग के दौरान सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट न करने के संबंध में लोगों को जागरूक किया जा रहा है , पुलिस की आम जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या भड़काऊ जानकारी साझा न करें।

## एड्स व मानसिक स्वास्थ्य के लिए जागरूकता कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** सेवासदन महाविद्यालय में एड्स व मानसिक स्वास्थ्य हेतु जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. एस. एम. शकील के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में शासकीय चिकित्सालय बुरहानपुर के एड्स काउंसलर श्री राजू पवार व श्रीमती कविता तिवारी के द्वारा एड्स के कारणोंए सुरक्षा व उपाय के बारे में विस्तार से बताया तथा विडियोग्राफी के माध्यम से जनजागरूकता की। एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी डॉ.राजेश काले ने युवाओं के द्वारा आत्महत्या, डिप्रेशन से बचने हेतु उपाय बताये एवं मानसिकरूप से स्वस्थ्य होने हेतु नियमित व्यायाम के प्राथमिकता को समझाया। सेवासदन शिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंह ठाकुर, सचिव हसमुखलाल जरीवाला, मैनेजर मनीष पटेल ने उक्त कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर बडी संख्या में एनएसएस,रेडरिबन, रेडक्रॉस के स्वयंसेवक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।




## जिला चिकित्सालय में एक मेडिसिन विशेषज्ञ और 2 एनेस्थीसिया चिकित्सक की पदस्थापना

### यह नियुक्ति बुरहानपुर के नागरिकों के लिए राहत भरी खबर है : अर्चना चिटनिस



**नवभारत न्यूज**
**बुरहानपुर।** जिला चिकित्सालय बुरहानपुर में स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक और उपलब्धि जुड़ी है। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस के सतत प्रयासों से जिला चिकित्सालय को 2 स्थायी एनेस्थीसिया चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति के बाद एक एमडी मेडिसिन विशेषज्ञ और 2 एनेस्थीसिया चिकित्सा अधिकारियों को पदस्थ किया गया है। जिसके बाद अब जिला चिकित्सालय में एनेस्थीसिया चिकित्सा अधिकारियों की संख्या में 4 हो गई है। जिसका लाभ जिलावासियों को मिलेगा।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार और आमजन को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिए वे लगातार शासन स्तर पर प्रयासरत हूं। इन्हीं प्रयासों के परिणामस्वरूप शासन द्वारा बुरहानपुर जिला चिकित्सालय में डॉ.पवन निंगवाल को एमडी मेडिसिन विशेषज्ञ के रूप में पदस्थ किया गया है। वहीं डॉ.मोदी वेंककाटा वासमी कृष्णा एवं डॉ.आरती जायसवाल को एनेस्थीसिया चिकित्सक के रूप में नियुक्त किया गया है। इसके पूर्व में दिलीपसिंह पांडोलिया एवं डॉ.श्वेता शिवहरे को जिला चिकित्सालय में स्थायी एनेस्थीसिया चिकित्सक के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। अब इन चारों विशेषज्ञों की उपस्थिति से अस्पताल में ऑपरेशन से संबंधित कार्यों में तेजी आएगी तथा मरीजों को लंबे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

श्रीमती चिटनिस ने इस निर्णय के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह नियुक्ति बुरहानपुर के नागरिकों के लिए राहत भरी खबर है। अब जिला चिकित्सालय में शल्य चिकित्सा संबंधी कार्य सुचारू रूप से हो सकेंगे और मरीजों को बेहतर सुविधा मिलेगी। साथ ही एमडी मेडिसिन विशेषज्ञ की पदस्थापना होने से यहां आने वाले मरीजों को सुविधा होगी। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को और सशक्त बनाने के लिए वे भविष्य में भी निरंतर प्रयास करती रहेंगी, जिससे बुरहानपुर जिले के नागरिकों को सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकें।

## नगर परिषद ने शुरू किया नो पॉलीथिन नो सिंगल यूज प्लॉस्टिक अभियान

**नवभारत न्यूज**
**शाहपुर।** अध्यक्ष श्रीमती साधना वीरेंद्र तिवारी के आदेशानुसार तथा मुण्नण्पाण् अधिकारी श्री दिलीप चौहान के निर्देशन में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत नगर परिषद् शाहपुर द्वारा व्यापारी दुकानदार एवं नागरिको लो सहभागिता से नो पोलीथिन नो सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान चलाया,नगर में पहले से सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित है। अभियान अंतर्गत नगर के रहवाशी,व्यावसायिक,बाज़ार क्षेत्र में पोलीथिन , सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणामो की जानकारी देकर विक्रय, परिवहन, उपयोग पुर्णत: प्रतिबंधित होने से जागरूक किया गया तथा पोलीथिन, सिंगल यूज प्लास्टिक के विक्रय, परिवहन, उपयोग करते पाए जाने पर जुर्माने की कार्यवाही की जावेंगी !



वार्ड क्रमांक 14 शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय शाहपुर में स्कूली छात्राओं परिसर में पड़ी पोलीथिन एकत्रित कर प्लास्टिक और पॉलीथिन के उपयोग से होने वाले नुकसान और दुष्प्रभावों से जागरूक किया गया ! साथ छात्राओं के बाज़ार में जाते समय अपने घर से कपडेए जुट के थैले ले जाने एवं उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया ! शाहपुर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में 01 नंबर पर लाने के लिए स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया गया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कचरा मुक्त भारत पर है। इसका लक्ष्य सार्वजनिक स्थानों से कचरे को पूरी तरह से हटाना हैए खासकर दैनिक जीवन में प्लास्टिक कचरे को पूर्ण रूप से समाप्त करना है ! बच्चोंध्छात्राओं के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना हैए ताकि अपने आस.पास के वातावरण को साफ सफाई रखने की जिम्मेदारी लें। इस अवसर पर नोडल अधिकारी, सफाई दरोगा विनोद इंगले, बालू जंजाल, रविन्द्र ससाने, नण्पाण् कर्मचारी, एन जी ओ टीम एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

## महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ . अंबेडकर को दी गई श्रद्धांजलि

**नवभारत न्यूज**
**बुरहानपुर।** आज देशभर की तरह मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले में भी महापरिनिर्वाण दिवस पर संविधान निर्माताए महान समाज सुधारक व भारत रत्न डॉण् भीमराव अंबेडकर को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर चौराहे के पास भारतीय बौद्ध महासभा एवं समाजजनों द्वारा डॉ.बाबा साहेब अंबेडकर जी की 69 वा महा परिनिर्वाण दिवस पर पुष्पमाला अर्पित कर मान.वंदना दी गई।

कार्यक्रम में भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष नटराज लोंढे ने बताया कि सुबह से ही बुद्ध विहारों,स्तूपों और स्मारकों पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। जगह.जगह प्रार्थना सभाएँए धम्म प्रवचन, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमए और समाज सुधार से जुड़े संकल्प लिए गए। समता सैनिक दल द्वारा विशेष सलामी भी दी गई। स्कूलों और कॉलेजों में आयोजित कार्यक्रमों में छात्रों को डॉ.अंबेडकर के जीवन,संघर्ष, शिक्षा,समानता और मानवाधिकारों के संदेश से अवगत कराया गया।

देशभर में भी महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुए। महाराष्ट्र के मुंबई में दादर स्थित ष्चित्यभूमिष्



और दिल्ली स्थित महापरिनिर्वाण स्थानष् पर बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर मोमबत्तियाँ और पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता बसंत बोर्डे,रमाकांत खंडारे, सुरेश वानखेड़े, राजू पवार, नटवर तायड़े, भारतीय बौद्ध महासभा के पदाधिकारी मधुकर साल्व, किशोर कोसे,सिरतुर सर, रजकिशोर मेढे, नगर अध्यक्ष सुशील ठाकरे, पन्नालाल गाढे, समता सैनिक दल से आकाश इंगले, सिद्धार्थ तायड़े, तथा महिला विंग से ज्योति आठवले और संगीता तायड़े सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से किया सीधा संवाद

**नवभारत न्यूज**
**बुरहानपुर।** जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण. 2026 अंतर्गत कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हर्ष सिंह ने शनिवार को ग्राम पंचायत अम्बा का दौरा किया। उन्होंने स्थल पर पहुंचकर अब्सेंटए पलायन एवं अन्य मतदाताओं की स्थिति का सूचीवार विस्तृत अवलोकन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने गांव में भ्रमण कर मतदाताओं से सीधे संवाद किया और यह जानकारी ली कि उनके नाम मतदाता सूची में सही रूप से दर्ज हैं या नहीं। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि मतदाता सूची को सुदृढ़ और शुद्ध करने का कार्य तेजी से जारी है और प्रत्येक पात्र मतदाता का



नाम सूची में जोड़ना हमारी प्राथमिकता है।

ग्राम अम्बा के बाद उन्होंने फाल्या मलगांव का निरीक्षण किया। यहां ग्रामीणों से चर्चा करते हुए उन्होंने नाम जोड़ने.हटाने की प्रक्रियाओं की जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान नो मैपिंग की स्थिति की भी जांच की और इस संबंध में तहसीलदार एवं बीएलओ को आवश्यक निर्देश दिए कि सभी प्रविष्टियां समय पर और सही रूप से सुनिश्चित की जाएं।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हर्ष सिंह ने बोरी बुजुर्ग क्षेत्र के पंचायत कार्यालय का भ्रमण कर चल रहे एसआईआर कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने दल को निर्देश दिए कि हर पात्र मतदाता तक पहुंचकर डेटा का सत्यापन करें और विशेष पुनरीक्षण कार्य को पूर्ण पारदर्शिता के साथ समय सीमा में पूरा करें। विदित है कि जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह के मार्गदर्शन में जिले में एसआईआर कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया गया है और निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों व निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

बुरहानपुर जिले ने डिजिटाइजेशन का कार्य निर्धारित समय सीमा से पूर्व ही पूरा कर लिया हैं। इस कार्य हेतु समय.सीमा 11 दिसंबरए 2025 निर्धारित की गयी है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम नेपानगर भागीरथ वाखला, तहसीलदार ए सुपरवाईज,बीएलओ, सचिव सहित अन्य उपस्थित रहे। मतदाता सूची को पारदशी,सटीक और अद्यतन बनाने की दिशा में जिला प्रशासन प्रयासरत् हैं।

## विश्व एड्स दिवस जागरूकता अभियान

**नवभारत न्यूज**
**बुरहानपुर।** अरुणोदय सर्वेश्वरी लोक कल्याण समिति बुरहानपुर दिनांक 06.12.2025 को संस्था अरुणोदय सर्वेश्वरी लोक कल्याण समिति लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना बुरहानपुर के द्वारा आज विश्व एड्स दिवस के साप्ताहिक एड्स जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर राजेंद्र कुमार वर्मा एवं जिला एड्स नोडल अधिकारी डॉक्टर आशुतोष जोशी के मार्गदर्शन में बुरहानपुर रेलवे स्टेशन,बस स्टेशन, ऑटो स्टैंड दुकानों आदि को एचआईवी फैलने के कारण एवं बचाव जानकारी दी गई और एचआईवी से संबंधित भ्रांतियां को दूर किया गयाए एचआईवी एवं टीबी की जानकारी दी गई व विभिन्न रोगों से बचाव हेतु जागरूकता फैलाने हेतु रेड एड्स रिबीन लगाकर एड्स के प्रति जागरूक किया स्टॉफ द्वारा आईईसी मटेरियल बांटा गया तथा टोल फ्री नंबर 1097 की भी जानकारी दी गई, जिस समय सभी स्टाफ काउंसलर सुरेखा अहीरे ,वंदना ठाकुर,राजेश तायडे,पूजा तायडे, उमा कनासे पियरे सभी अभियान में उपस्थित थे।




**एक नजर** सांसद खेल महोत्सव : न्यू ज्ञानदीप स्कूल डोइफोडिया में प्रतिभा और उत्साह का अद्भुत संगम...

## सांसद खेल महोत्सव आज देशभर में खेलों का एक बड़े स्तर का उत्सव बन चुका है . सुनिल वाघे





**नवभारत न्यूज, खकनार।** ग्रामीण अंचल की उभरती प्रतिभाओं में जोश और उमंग भरते हुए न्यू ज्ञानदीप स्कूल दोइफोडिया में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित प्रमाणपत्र वितरण समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में नेपानगर विधानसभा प्रभारी सुनील वाघे उपस्थित रहे। उन्होंने कबड्डी, क्रिकेट, खो.खो, चेयर रेस और जलेबी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में श्री वाघे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सांसद खेल महोत्सव आज देशभर में खेलों का एक बड़े स्तर का उत्सव बन चुका है। इस आयोजन का मूल उद्देश्य हैकृ गांवों, फलियों और छोटे कस्बों की दमकती प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच देना और अंतिम पंक्ति के खिलाड़ियों को भी राष्ट्रीय स्तर की ओर अग्रसर करना।

न्यू ज्ञानदीप स्कूल द्वारा वर्षों से संचालित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ उनकी प्रतिभा को भी निखार रही हैं। खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल इस संकल्प को और मजबूती प्रदान करते हुए ग्रामीण खेल संस्कृति को नई दिशा दे रहे हैं।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश चौकसे, भाजपा नेता विजय चौधरी, भाजपा पूर्व मंडल महामंत्री जितेंद्र महाजन, भाजपा मंडल मंत्री विनोद पाटील सहित विद्यालय परिवारए जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में छात्र.छात्राएँ मौजूद रहे। पूरे परिसर में बच्चों की ऊर्जा और खेल.उत्साह का विशेष माहौल देखने को मिला।

समारोह के अंत में बच्चों और अभिभावकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल तथा विधायक सुश्री मंजू राजेंद्र के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को नई उड़ान देने के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखते हैं।

### संसद खेल महोत्सव बैठक

सांसद खेल महोत्सव अन्तर्गत जनपद शिक्षा केन्द्र खकनार में सांसद खेल महोत्सव के संबंध में प्रभारी सुनील वाघे एवं विधायक प्रतिनिधि निलेश चौकसे की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन के संबंध में चर्चा की गई । श्री वाघे ने बताया कि प्रथम चरण में विद्यालय स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा चुका है। द्वितीय चरण में अब विद्यालय स्तर में विभिन्न खेलों में चयनित टीमें संकुल स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेंगी। संकुल स्तर से चयनित टीमें विधानसभा स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेंगी। इस प्रकार यह प्रतियोगिताएं प्रदेश स्तर तक आयोजित की जायेगी। बैठक में बी आर सी के के पाराशर , प्राचार्यो ने भाग लिया ।